(ग) उत्तर प्रदेश में पंजीकृत कार्यालय वाले किसी औद्योगिक एकक को भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम द्वारा कोई पुनर्निर्माण सहायता नहीं दी गई है। परन्तु भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम द्वारा सहायता प्राप्त एककों में से तीन कारखान उत्तर प्रदेश में भी अवस्थित हैं भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम द्वारा इन तीनो एककों को, दिसम्बर, 1977 के अन्त की स्थिति के अनुसार स्वीकृत और वितरित की गई सहायता क्रमश: 4.94 करोड़ रुपये और 4.44 करोड़ रुपये है।

काफी का उत्पादन बढ़ाने की योजना

8513. **श्री राम सेवक हजारी :** क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार काफी के उत्पादन को बढ़ाने के लिये दीर्घावधि योजना पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस योजना के परिणाम स्वरूप काफी के उत्पादन में कितनी वृद्धि होगी ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आरिफ बेग) :

(क) जी हां। काफी का उत्पादन बढ़ाने के लिये काफी के विकास की दीर्घावधि परिप्रेक्ष्य योजना तैयार कर ली गई है।

(ख) इस योजना में सन् 2000 तक काफी के अन्तर्गत क्षेत्र में 1.30 लाख हेक्टार तक विस्तार करने की व्यवस्था की गई है जिसमें से 58000 हेक्टार कर्नाटक, केरल तथा तमिलनाडु के परम्परागत काफी उगाने वाले राज्यों में तथा 72000 हेक्टार आन्ध्र प्रदेश, उड़ीसा, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा मध्य प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों और मिजोराम तथा अरुणाचल प्रदेश आदि संघ राज्य क्षेत्रों जैसे अपरम्परागत क्षेत्रों में होंगे।

(ग) योजना के अनुसार काफी का उत्पादन सन् 2000 तक बढ़कर 2 लाख मे० टन होने की सम्भावना है जबकि इसका वर्तमान परिमाण लगाना एक लाख मे० टन है।

दालों की कीमतों में वृद्धि

6514. **श्री गंगा भक्त सिंह :** क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूववर्ती वर्षों की तुलना में चालू वर्ष के दौरान दालों की कीमतों में, विशेष रूप से अरहर, मसूर और काबली चने की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो जनवरी, फरवरी और मार्च, 1978 में गत वर्ष के संगत महीनों की तुलना में दालों की कीमतों में कितनी वृद्धि हुई है ; और

(ग) क्या दालों के समर्थन मूल्य के निर्धारण के लिये कृषि आयोग ने कोई सिफारिश की है और यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण कुमार गोयल) : (क) और (ख). चालू पचांग वर्ष के पिछले तीन महीनों के दौरान दालों के थोक मूल्य वर्ष, 1977 की इसी अवधि के मूल्यों की तुलना में कम रहे हैं। जनवरी-मार्च, 1978 तथा 1977 के दौरान